अतः **समिति द्वारा पुनः विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से** परियोजना प्रस्तावक द्वारा **settled procedure** का समुचित पालन किया गया है अथवा नहीं? के संबंध में कलेक्टर, जिला–रायगढ़ से जानकारी मंगाये जाने के लिए पत्र लेख किया जाए। साथ ही परियोजना प्रस्तावक को भी सूचित किया जाए। परियोजना प्रस्तावक द्वारा **settled procedure** का समुचित पालन नहीं किये जाने की स्थिति में आवेदित प्रकरण को डि–लिस्ट/निरस्त किये जाने की अनुशंसा की जाएगी एवं ई.आई.ए. नोटिफिकेशन 2006 (यथा संशोधित) के तहत् पालन करते हुए (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (SC/ST Category) के पर्यावरणीय हितों की रक्षा तथा संरक्षण के लिए प्रस्ताव सहित) पुनः आवेदन करने की अनुशंसा की जाएगी। अन्यथा की स्थिति में आवश्यक अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।" ई.आई.ए. नोटिफिकेशन 2006 (यथा संशोधित) के पैरा 5(घ) के तहत् समिति द्वारा स्थल निरीक्षण किये जाने हेतु समिति का गठन किये जाने का निर्णय लिया गया। एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ द्वारा उठाये गये बिन्दुओं पर तथा ई.आई.ए. नोटिफिकेशन 2006 (यथा संशोधित) एवं भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी ऑफिस मेमोरेण्डम दिनांक 29/10/2014 के अधीन समिति स्थल निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी। स्थल का पूर्ण निरीक्षण कर वस्तुस्थिति से अवगत कराने हेतु श्री एन. के. चन्द्राकर, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति, श्री किशन सिंह ध्रुव, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति, डॉ. मोहम्मद रफीक खान, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति तथा क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायगढ़ को सम्मिलित करते हुये चार सदस्यीय समिति का गठन किया जाता है। चार सदस्यीय समिति स्थल का निरीक्षण करेगी तथा अद्यतन स्थिति से अवगत कराते हुये कलरयुक्त फोटोग्राफ्स दिनांक सहित बिन्दुवार निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए। अतः समिति से निरीक्षण प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत प्रस्ताव पर आगामी कार्यवाही की जाएगी।

श्री एन.के. चन्द्राकर, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति, श्री किशन सिंह ध्रुव, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति, डॉ. मोहम्मद रफीक खान, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति तथा क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायगढ़ एवं परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए। साथ ही कलेक्टर, जिला–रायगढ़ को पत्र लेख किया जाए।

पढ़ा जाये।

साथ ही समिति द्वारा यह भी पाया गया कि समिति की 481वीं बैठक दिनांक 11/08/2023 का अनुमोदन होने के कारण वर्तमान में आवेदित प्रकरण (ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 426822/ 2023, दिनांक 21/04/2023, **सचिवालय का नस्ती क्रमांक 2391**) तकनीकी दृष्टिकोण से परिवेश पोर्टल में एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ के समक्ष है।

अतः **समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से** एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ को उपरोक्त तथ्यों से अवगत कराते हुये उक्त प्रकरण को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ को पुनः विचार किये जाने हेतु वापस भेजे जाने बाबत् एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ को पत्र लेख किये जाने की अनुशंसा की गई।

प्राधिकरण द्वारा बैठक में विचार – उपरोक्त प्रकरण पर प्राधिकरण की दिनांक 25/10/2023 को संपन्न 158वीं बैठक में विचार किया गया। प्राधिकरण द्वारा नस्ती का अवलोकन किया गया। **प्राधिकरण द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से** उपरोक्त तथ्यों के परिपेक्ष्य में परीक्षण उपरांत उपयुक्त अनुशंसा किये जाने हेतु प्रकरण को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के समक्ष प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया।

तदानुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 31/10/2023 के परिपेक्ष्य में उपसमिति द्वारा निरीक्षण प्रतिवेदन दिनांक 26/12/2023 को प्रस्तुत किया गया है। साथ ही श्री पंकज सिन्हा, कोरबा द्वारा दिनांक 12/09/2023 को आवेदित प्रकरण हेतु शिकायत प्रेषित किया गया है।

(स) समिति की 510वीं बैठक दिनांक 30/01/2024:

समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी/ शिकायत /निरीक्षण प्रतिवेदन का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:–

1. श्री पंकज सिन्हा, पिता श्री निशचल सिन्हा, पता–मकान नंबर सी 225, सरदार वल्लभ भाई पटेल नगर, निहारिका कोरबा, जिला–कोरबा द्वारा "मेसर्स दिलीप बिल्डकॉन को नियम विरूद्ध लीज स्वीकृत की शिकायत व कार्यवाही बाबत्।" के संबंध में दिनांक 12/09/2023 को शिकायत प्राप्त हुआ है। शिकायत में उल्लेखित तथ्य निम्नानुसार है:–

   "मेसर्स दिलीप बिल्डकॉन को ग्राम–सेमीपाली, तहसील–धरमजयगढ़, जिला–रायगढ़ के खसरा क्रमांक 88 (रकबा 0.82 हेक्टेयर) व खसरा क्रमांक 115 (रकबा 1.16 हेक्टेयर) कुल रकबा 1.52 हेक्टेयर पर उत्खनिपट्टा देने में विशेष कृ पा दृष्टि बरती गयी है। छतीसगढ़ parivesh.nic.in पर अपलोडेड प्रपोजल क्रमांक 426822 व फाईल क्रमांक 2391 के पैराग्राफ 15 की कंडिका 1 से 8 का विस्तृत अध्ययन करने पश्चात् निम्न गलतियाँ पायी गयी है–

   (1) सहमति पत्र में मात्र 88 नंबर खसरा वाले भूमि स्वामी से सहमति ली गयी है या तो खत्तरा क्रमांक 115 (रकबा 1.16 हेक्टेयर) वाले भू–स्वामी की सहमति पत्र अपलोड नहीं किया गया है या 115 खसरा भू–स्वामी से सहमति ली ही नहीं गयी है?

   (2) सहमति पत्र में मेसर्स दिलीप बिल्डकॉन की तरफ से किस व्यक्ति ने हस्ताक्षर किये है ये स्पष्ट नहीं है, सहमति पत्र में दिलीप बिल्डकॉन की तरफ से हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति का नाम, पद, आधार नंबर पैन कार्ड का उल्लेख नहीं है। अतः उपरोक्त कमियों के आधार पर नोटरी दस्तावेज सम्पादित कैसे हुआ, इस अपूर्ण दस्तावेज के आधार पर लीज स्वीकृत कैसे हुई?

   (3) सहमति पत्र में किसानों को दी जाने वाली राशि का उल्लेख भी नहीं है अजीब विडंबना है की राशि का उल्लेख किये बिना नोटरी कैसे सम्पादित हुई और उसी नोटरी के आधार पर लीज भी स्वीकृत हुई?

   (4) सहमति पत्र में भू–स्वामी का आधार कार्ड, पैन कार्ड या अन्य कोई पहचान पत्र इत्यादि का उल्लेख नहीं है और न ही सहमति पत्र के साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड की छायाप्रति सलग्न है उक्त कृत्य अपूर्ण दस्तावेज की श्रेणी में आते है, इस तरफ सभी बोर्ड मेम्बर का ध्यान क्यों नहीं गया?

(5) सहमति पत्र को पंजीयक कार्यालय में रजिस्टर्ड नहीं करवाया गया है मात्र 100 रूपये के स्टाम्प पर नोटरी दस्तावेज निष्पादित करवाकर खानापूर्ति की गयी है, नोटरी दस्तावेज में गवाह के नाम व पते तक का उल्लेख नहीं है सिर्फ गवाह के हस्ताक्षर करके दस्तावेज निष्पादित किया गया है उक्त कमियों के कारण नोटरी पत्र भी पूरी तरह अवैध व फर्जी दस्तावेज की श्रेणी में आता है उक्त अवैध दस्तावेज के आधार पर लीज कैसे स्वीकृत हुई ?

(6) लीज के आवेदन के साथ सलग्न खसरा बी–1, पी–2 और नक्शा आदि को किसी लोक सेवा केंद्र, पटवारी, राजस्व निरीक्षक या तहसीलदार से सत्यापित नहीं करवाया गया है, ऐसा लगता है कि बी–1, पी–2 और नक्शा आदि दस्तावेज से छेड़छाड़ की गयी है जिसका साक्ष्य इस शिकायत पत्र की कडिका 8 में है अपूर्ण व आधे अधूरे दस्तावेजों के आधार पर लीज कैसे स्वीकृत हुई?

(7) मेसर्स दिलीप बिल्डकॉन द्वारा इस लीज को सम्पादित करने के लिए और अन्य शासकीय कार्यों के लिए किसे अधिकृत किया गया है ये भी स्पष्ट नहीं है, मेसर्स दिलीप बिल्डकॉन ने ऐसा कोई साक्ष्य (रजिस्टर्ड मुख्तियारनामा) भी पूर्व में प्रस्तुत नहीं किया है, जिससे यह सिद्ध हो अमुक व्यक्ति मेसर्स दिलीप बिल्डकॉन द्वारा अधिकृत व्यक्ति है, बिना रजिस्टर्ड मुख्तियारनामा के लीज स्वीकृत कैसे हुई ?

उक्त खसरा क्रमांक 88 का छत्तीसगढ़ की मिसल साईट https://revenue-cg-nic-in/missal पर अवलोकन करने पर पता चलता है की खसरा नंबर 88 तो मात्र 25 डिसमिल /0.10 हेक्टेयर का ही है पर आपके समक्ष उसी खसरे को 203 डिसमिल /0.82 हेक्ट बनाकर प्रस्तुत किया गया है, 25 डिसमिल / 0.10 हेक्ट का खसरा कैसे 203 डिसमिल/0.82 हेक्टेयर का हो गया, जांच का विषय है? https://revenue-cg-nic-in/missal से प्राप्त मिसल रिकॉर्ड इस शिकायत पत्र के साथ संलग्न है। इतनी बड़ी व भारी गलती के बाद भी लीज केसे स्वीकृत हुई?

(9) उक्त भूमि पटवारी रिकॉर्ड में गिरदावरी में चिन्हांकित है, जो की यह दर्शाता है की उक्त जमीनों पर धान की खेती हो रही है और उसी धन को शासन द्वारा निर्धारित वर्तमान दरों पर बेचा भी जायेगा। यह कैसे सम्भव है की उक्त जमीनों पर खेती भी हो रही है और पत्थर उत्खनन भी इस गलती को शासन किस प्रकार परिभाषित करेगा ?

(10) छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 6 (ख) तथा प्ररूप नौ की कंडिका अठारह (ख) के तहत खनिज उपलब्धता के सन्दर्भ मे प्रतिवेदन में माइनिंग इन्स्पेक्टर श्री बबलू पाण्डेय ने निकट स्थित अन्य माइस (मेसर्स सुनील अग्रवाल) से दूरी 100 मीटर बताई है पर आवेदित क्षेत्र के 500 मीटर व 200 मीटर की परिधि की जानकारी बाबत में वही दूरी 120 मीटर बताई है उक्त गलती किस प्रकार परिभाषित होगी?

उक्त कमियों के आधार पर ऐसा प्रतीत होता है कि लीज देने में सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग हुआ है और बहुत हद तक सम्भव भी है की एक अच्छी खासी मोटी रकम स्थित के रूप में सरकारी अधिकारीयों को भेंट की गयी हो।

अतः मेसर्स दिलीप बिल्डकॉन को फर्जी आधारहीन व गलत जानकारी प्रस्तुत कर लीज को स्वीकृत करने के आरोप में दण्डित किया जावे और उक लीज तुरंत प्रभाव से निरस्त की जाए।"

समिति के संज्ञान में यह तथ्य गया कि परियोजना प्रस्तावक द्वारा दिनांक 16/01/2024 द्वारा "प्राप्त, पंकज सिन्हा, पिता निश्चल सिन्हा पता– मकान नं.

C-225, सरदार वल्लभ भाई पटेल नगर निहारिका, कोरबा छत्तीसगढ़ के शिकायत को निराधार मानना एवं उपरोक्त के नाम एवं पता को भी निराधार मानते हुये पर्यावरण स्वीकृति प्रदान करने हेतु।" के संबंध में तथ्य प्रस्तुत किया गया है, जो निम्नानुसार है:–

1. कार्यालय कलेक्टर खनिज शाखा द्वारा खसरा क्रमांक 88 एवं 115 (भाग) में कुल 1.52 हेक्टेयर हेतु आशय पत्र प्राप्त हुआ है। जिसके भूमि स्वामी की सहमति आपके कार्यालय में प्रस्तुत की गई है एवं प्रस्तुतीकरण के दौरान भी, प्रस्तुत की गई है।

2. मेसर्स दिलीप बिल्डकॉन भोपाल के द्वारा वैध सहमति पत्र की मूल प्रति उत्खनि पट्टा स्वीकृति हेतु कार्यालय कलेक्टर, माइनिंग शाखा रायगढ़, में आवेदन किया गया। जिसमें भूमि स्वामियों के सहमति की जाँच प्रतिवेदन के उपरांत ही उत्खनि पट्टा हेतु दिलीप बिल्डकॉन के पक्ष में, सैद्धांतिक सहमति प्राप्त हुई है तथा पूर्व में आपके कार्यालय के द्वारा भी भूमि स्वामियों की हितों की रक्षा हेतु जाँच करा ली गई है। जाँच उपरांत संपूर्ण प्रपत्रों को आपके कार्यालय में हमारे द्वारा प्रस्तुत किया जा चुका है।

3. महोदय, सहमति पत्र मात्र, लीज बनाने हेतु कार्यालय कलेक्टर खनिज शाखा को, सहमति प्रदान की गई है। उपरोक्त सहमति में अपनी जमीन को लीज बनाने के लिये सहमति दाता, सहमति प्रदान करता है। महोदय पूर्व में आपके कार्यालय में सहमति दाता के हितों की पूर्ति की जाँच की जा चुकी है। जाँच उपरांत सहमति दाता को भुगतान की जाने वाली राशि संबंधित प्रपत्र आपके कार्यालय में प्रस्तुत किया जा चुका है।

4. महोदय, सहमति पत्र प्रदान करने वाले भूमि स्वामियों का आधार कार्ड एवं पहचान पत्र उनकी फोटो के साथ नोटरी अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत होकर, नोटरी अधिकारी द्वारा पुष्टि कर लेने के पश्चात् ही नोटरी किया गया है।

5. महोदय, 100 रूपये के स्टॉम्प पेपर पर दो गवाहों के समक्ष नोटरी अधिकारी के समक्ष, भूमिस्वामियों की उपस्थिति में वैध दस्तावेज निष्पादित किया गया है। जिसे पूर्व में आपके कार्यालय द्वारा सहमति दाता के हितों की पूर्ति की जाँच करा ली गई है एवं सहमति पत्र को पंजीयन कार्यालय में रजिस्टर्ड कराने की आवश्यकता, लीज निष्पादन, कार्य में आवश्यकता नहीं होती है।

6. लीज आवेदन के साथ संलग्न B-I, P-II एवं लीज आवेदन के साथ प्रस्तुत किया गया है। जिसके जाँच उपरांत ही सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई है।

7. मेसर्स, दिलीप बिल्डकॉन के द्वारा इस लीज को संपादित करने के लिए और अन्य शासकीय कार्यालयों के लिए, अधिकृति प्रतिनिधि के कंपनी द्वारा दिये गये अधिकार पत्र को प्रस्तुत किया जा चुका है।

8. ग्राम सेमीपाली खसरा क्रमांक 88 का वर्तमान B-I एवं P-II आपके कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसका रकबा राजस्व कार्यालय कलेक्टर खनिज शाखा द्वारा जाँच उपरांत ही सैद्धांतिक सहमति जारी की गई है। महोदय ग्राम–सेमीपाली, तहसील–धरमजयगढ़, जिला–रायगढ़ खसरा क्रमांक 88 को राजस्व रिकार्ड, ऑनलाईन पोर्टल भुंइय्या कार्यक्रम पर भी देखकर पुष्टि की जा सकती है। जिसकी डिजीटल सिग्नेचर युक्त प्रति आपके कार्यालय में प्रस्तुत की गई है।

9. उक्त भूमि में पत्थर होने के कारण, भूमि स्वामियों के द्वारा, लीज बनाने हेतु प्रदान की गई है। भूमि स्वामियों के हितों की रक्षा की जाँच पूर्व में ही करा ली गई है तथा उक्त भूमि पर लीज निष्पादन के उपरांत ही उत्खनन कार्य किया जा सकेगा।

10. महोदय, कार्यालय कलेक्टर खनिज शाखा को प्राप्त आवेदन के अनुसार मेसर्स सुनील अग्रवाल की खदान आवेदित खदान से 120 मीटर की दूरी पर ही है। जिसकी प्रति आपके कार्यालय में पूर्व में प्रस्तुत की जा चुकी है।

महोदय, उक्त अज्ञात व्यक्ति के द्वारा किये गये कृत्य से स्पष्ट होता है कि किसी के भी द्वारा कुछ भी नाम एवं पता लिखकर जानबूझकर परेशान व शासन प्रशासन को भ्रमित करने की मंशा से जानकारी चाही जाती है एवं शिकायत की जाती है। इससे मेसर्स दिलीप बिल्डकॉन के द्वारा सरकार की भारत माला जैसे राष्ट्र की महत्वपूर्ण सड़क परियोजना में अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है।

आपके कार्यालय द्वारा पूर्व में पर्यावरण स्वीकृति हेतु सभी प्रपत्रों की पुष्टि के उपरांत ही, इस आवेदन के लिये, कमेटी द्वारा मौका निरीक्षण करके जाँच की जा चुकी है तथा पर्यावरण स्वीकृति हेतु अनुशंसा भी की जा चुकी है। उक्त शिकायत को मेरे द्वारा, शिकायत की अज्ञात शिकायतकर्ता के रूप में थाना प्रभारी सिविल लाइन के द्वारा उनके जाँच प्रतिवेदन के अनुसार गलत ठहराया जा चुका है

अतः उपरोक्त सभी बिन्दुओं के स्पष्टीकरण को संज्ञान में लेते हुये आवेदित प्रकरण को पर्यावरणीय स्वीकृति जारी किये जाने हेतु अनुरोध किया गया है।

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धरमजयगढ़, जिला–रायगढ़ द्वारा आवेदित खदान में प्राप्त उपरोक्त शिकायत के संबंध में जाँच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है।

2. समिति द्वारा प्रस्तुत निरीक्षण प्रतिवेदन में उल्लेखित तथ्य निम्नानुसार हैः–

- राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति छत्तीसगढ़ के कार्यालयीन पत्र क्रमांक 1753/एस.ई.ए.सी., छ.ग./रायगढ़/2391 नवा रायपुर अटल नगर, दिनाक 26/11/2023 के पालनार्थ समिति के सदस्यों ने दिनांक 25/11/2023 को परियोजना प्रस्तावक व अन्य उपस्थित ग्रामीणों के साथ प्रतिवेदित क्षेत्र का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में समिति के सदस्य, श्री किशन सिंह ध्रुव, श्री एन. के. चन्द्राकर, सदस्य, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति, श्री अंकुर साहू क्षेत्रीय अधिकारी, छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायगढ़ के साथ–साथ परियोजना प्रस्तावक प्रतिनिधि श्री सत्येन्द्र सिंह व अन्य उपस्थित थे।

- परियोजना प्रस्तावक मेसर्स दिलीप बिल्डकॉन द्वारा राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति की 467वीं बैठक दिनाक 24/05/2023 को परियोजना की स्वीकृति हेतु समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण दी गई जिसके आधार पर समिति द्वारा खदान बी–2 श्रेणी की मानी गई। क्षेत्र में वृक्षों की संख्या गणना कर प्रस्तुत करने की शर्त पर मेसर्स दिलीप बिल्डकॉन को ग्राम–सेमीपाली, तहसील–धरमजयगढ़, जिला–रायगढ़ के खसरा क्रमांक 88 एवं 115 (पार्ट) निजी भूमि में स्थित साधारण पत्थर (गौण खनिज) खदान

कुल क्षेत्रफल 1.52 हेक्टेयर पर उत्खनन क्षमता 2,50,936 टन (92.605 घनमीटर) प्रतिवर्ष खनन हेतु पर्यावरण स्वीकृति दिये जाने की अनुशंसा की गई।

- समिति की बैठक की कार्यवाही विवरण में दिये गये अनुशंसा के आधार पर राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण, छ.ग. के 115वीं बैठक दिनांक 07/07/2023 को विचार विमर्श हेतु प्रस्तुत किया गया।
- प्राधिकरण ने विचार विमर्श पश्चात् निम्नलिखित टीप कर पुनः परीक्षण हेतु एस.ई.ए.सी. को वापस की गई।

1. Whether the subject land belongs to general category or Sc-/St- which required to be verified before considering the proposal. if subject land/project land belong to the Trible communities in that case we need to see whether a sattled procedure has been adopted for obtainning consent of the land owners or not.
2. वृक्षों की प्रजातिवार संख्यांकन कर सूची फोटोग्राफ सहित जानकारी प्रस्तुत किया जाए।

- प्राधिकरण के टीप के आधार पर समिति में पुन विचार विमर्श उपरांत उपरोक्त जानकारी प्रस्तुत करने के शर्त पर पर्यावरण सम्मति हेतु पुनः प्राधिकरण को भेजी गई।
- उपरोक्तानुसार प्राधिकरण/समिति के निर्देशानुसार परियोजना प्रस्तावक द्वारा मांगी गई जानकारी दिनांक क्रमशः दिनाक 13/07/2023 एवं 07/08/2023 को प्रस्तुत की गई।
- जानकारी प्राप्त होने पर समिति की 481वी बैठक दिनाक 11/08/2023 को पुन कुछ बिन्दुओं पर परियोजना प्रस्तावक को अतिरिक्त जानकारी देने हेतु निर्देशित करते हुए स्वीकृति देने की अनुशंसा की गई।
- पुनः दिनांक 23/08/2023 को अनशंसित प्रकरण को विचार विमर्श कर 481वीं बैठक में लिए गए निर्णय को संशोधन कर स्थल निरीक्षण हेतु समिति का गठन एवं (सेटल्ड प्रोसिजर) Settled Procedure का पालन करने संबंधी जानकारी जिला कार्यालय से मंगाई गई।
- इसी निर्णय के परिपेक्ष्य में समिति द्वारा दिनाक 26/11/2023 को स्थल निरीक्षण किया गया।

(ज्ञात हो कि उक्त समिति की बैठक की कार्यवाही विवरण अनुमोदन पश्चात् दिनांक 11/08/2023 को प्राधिकरण से पुनः नस्ती मंगाकर 23/08/2023 कार्यवाही विवरण में संशोधन किया गया)

- परियोजना प्रस्तावक द्वारा एस.ई.ए.सी./एस.ई आई.ए.ए. को प्रस्तुत समस्त जानकारी स्थल निरीक्षण के समय प्रस्तुत की गई। विवरण निम्नानुसार है–

1. पंचायत प्रस्ताव
2. वन मंडलाधिकारी के द्वारा वन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र
3. सी.ई.आर. के अंर्तगत किये जाने कार्य की संशोधित जानकारी
4. भूमि स्वामी का सहमति पत्र

5. शासन द्वारा निर्धारित सेटल्ड प्रोसिजर का पालन करने संबंधी जानकारी

6. वृक्षों की संख्या के संबंध में परिक्षेत्र अधिकारी का प्रतिवेदन

7. परियोजना प्रस्तावक द्वारा खनिज /पर्यावरण नियमों का समुचित पालन किये जाने हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत

8. ए.ओ.ई.एफ. के निर्देश अनुसार भारत के किसी भी न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन नहीं होने का शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है।

निरीक्षण के समय यह भी नोट किया कि प्रतिवेदित क्षेत्र में कुछ बरसाती झाड़ी जैसे धौरा, सेनहा एवं कोरई के छोटे–छोटे झाड पाये गए।

- प्रतिवेदित भूमि निजी है फोरेस्ट के अंतर्गत नहीं है। 250 मीटर के अंतर्गत कोई जंगल नहीं है। निरीक्षण में आस–पास के क्षेत्र भी निजी भूमि होना अवलोकित किया गया है। जिसके कारण गूगल मैप में जंगल होने का आभास होता है, किंतु वास्तव में ऐसा नहीं है (परिक्षेत्र अधिकारी का डी.एफ. ओ. को प्रस्तुत प्रतिवेदन)

- उक्त झाड़ियों की कटाई/सफाई सक्षम प्राधिकारी से अनुमति लेकर की गई। इस प्रकार प्राधिकरण / समिति द्वारा मांगी गई सी.ई.आर. के अंतर्गत किये जाने वाले कार्यों के संशोधित प्रस्ताव एवं कार्यालय कलेक्टर से सेटल्ड प्रोसिजर के पालन संबंधी जानकारी एवं निरीक्षण प्रतिवेदन के आधार पर परियोजना प्रस्तावक को पर्यावरण स्वीकृति प्रदान करने की अनुशंसा की जाती है।

- ज्ञात हो कि इस परियोजना से प्राप्त गौण खनिज का उपयोग एन.एच.ए. आई. द्वारा प्रस्तावित भारतमाला प्रोजेक्ट (जो राष्ट्रीय/राज्य महत्व के हैं) के अंतर्गत सड़क निर्माण में किया जावेगा।"

3. कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला–रायगढ़ के ज्ञापन क्रमांक 3023/ख.लि. –1/2023 रायगढ़, दिनांक 12/12/2023 के अनुसार "मेसर्स दिलीप बिल्डाकॉन लिमिटेड के द्वारा उपरोक्त खसरा क्रमांक 88 एवं 115 का अनुबंध किया गया है। जिसका अनुविभागीय अधिकारी (रा०) धरमजयगढ़ से परियाजना प्रस्तावक द्वारा settled Procedure का समुचित पालन किया गया है कि नहीं, के संबंध में पत्र प्रेषित किया गया, के सबंध में अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धरमजयगढ़ द्वारा संदर्भित पत्र क्रमाक 03 में खसरा क्रमाक 88 एवं 115 का अनुबंध कर के अनुबंधित राशि को अनुबंधदाता भुवन राम मांझी, पिता नहरसाय तथा लोहर साय पिता नैहरताय, बेतराम पिता सुखराम तथा आशामांती पिता सुखीराम के खाते में चेक एवं आर.टी.जी.एस. के द्वारा भुगतान किया गया है तथा मेसर्स दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड के परियोजना प्रस्तावक द्वारा Settled Procedure का समुचित पालन जाना प्रतिवेदित किया गया है।" का उल्लेख है।

उपरोक्त तथ्यों के आधार पर **समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि** पूर्व में समिति की 467वीं बैठक दिनांक 24/05/2023 में पर्यावरणीय स्वीकृति जारी किये जाने की अनुशंसा की गई थी एवं पुनः अनुशंसा की जाती है। पूर्व में निहित की गई शर्तें यथावत् रहेगी।

राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ को तदानुसार सूचित किया जाए।

5. मेसर्स पतेरापाली ऑर्डिनरी स्टोन माईन (प्रो.– श्री बलवीर सिंह बैन्स), ग्राम–पतेरापाली, तहसील–बागबाहरा, जिला–महासंमुद (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 2642)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए /सीजी /एमआईएन /440723 /2023, दिनांक 18/08/2023 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया है।

प्रस्ताव का विवरण – यह पूर्व से संचालित साधारण पत्थर (गौण खनिज) खदान है। खदान ग्राम–पतेरापाली, तहसील–बागबाहरा, जिला–महासंमुद स्थित पार्ट ऑफ खसरा क्रमांक 28, कुल क्षेत्रफल–1.3 हेक्टेयर में है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता–20,373.6 टन प्रतिवर्ष है।

भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा ऑफिस मेमोरेण्डम दिनांक 28/04/2023 जारी किया गया है, जिसके पैरा 4 में निम्न प्रावधान है:–

"The matter has been examined in the Ministry and accordingly it has been decided that all valid ECs issued by DEIAA shall be reappraised through SEAC/SEIAA in compliance to the order of the Hon'ble NGT in O.A.142 of 2022. In view of above, it is hereby directed that all concerned SEACs shall re-appraise the ECs issued by DEIAAs between 15.01.2016 and 13.09.2018 (including both dates) and all fresh ECs in this regard shall be granted only by SEIAAs based on such appraisal. The exercise shall be completed within a time period of one year from the date of issue of this OM. DEIAAs shall transfer all such files where ECs have been granted to concerned SEIAA within a time period of one month from issue of this OM."

उक्त ऑफिस मेमोरेण्डम के तहत् परियोजना प्रस्तावक द्वारा जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण से जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के पुनः अनुशंसा (re-appraisal) हेतु एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के समक्ष ऑनलाईन आवेदन किया गया है।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 18/10/2023 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठक का विवरण –

(अ) समिति की 494वीं बैठक दिनांक 27/10/2023:

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री बलवीर सिंह बैन्स, प्रोपराईटर उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:–

1. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण:–**

   i. पूर्व में पत्थर (गौण खनिज) खदान खसरा क्रमांक 28, कुल क्षेत्रफल–1.3 हेक्टेयर, क्षमता–20,373.6 टन प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, जिला–महासमुंद द्वारा दिनांक 16/01/2017 को जारी की गई। यह स्वीकृति जारी दिनांक से 5 वर्ष अर्थात् 15/01/2022 तक वैध थी।

   परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 18/01/2021 अनुसार:–

   "9A. Notwithstanding anything contained in this Notification, the period from the 1st April, 2020 to the 31st March, 2021 shall not be

considered for the purpose of calculation of the period of validity of Prior Environmental Clearances granted under the provisions of this Notification in view of outbreak of Corona Virus(COVID-19) and subsequent lockdowns (total or partial) declared for its control, however, all activities undertaken during this period in respect of the Environmental Clearance granted shall be treated as valid."

उपरोक्त अधिसूचना के अनुसार पर्यावरणीय स्वीकृति की वैधता जारी दिनांक से दिनांक 15/01/2023 तक वैध थी।

ii. परियोजना प्रस्तावक द्वारा पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तो के पालन में की गई कार्यवाही की स्व–प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत की गई है।

iii. निर्धारित शर्तानुसार 260 नग वृक्षारोपण किया गया है।

iv. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–महासमुंद के ज्ञापन क्रमांक 282/क/खलि/न.क्रं./2022 महासमुंद, दिनांक 13/03/2023 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार विगत वर्षों में किये गये उत्खनन की जानकारी निम्नानुसार है:–

वर्ष	उत्पादन (घनमीटर)
01/01/2017 से 30/06/2017	निरंक
01/07/2017 से 31/12/2017	
01/01/2018 से 30/06/2018	
01/07/2018 से 31/12/2018	
01/01/2019 से 30/06/2019	
01/07/2019 से 31/12/2019	24
01/01/2020 से 30/06/2020	90
01/07/2020 से 31/12/2020	50
01/01/2021 से 30/06/2021	60
01/07/2021 से 30/09/2021	30
01/10/2021 से 31/03/2022	निरंक
01/04/2022 से 30/09/2022	850

समिति का मत है कि सितम्बर 2022 के उपरांत किये गये उत्खनन की वास्तविक मात्रा की अद्यतन जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित कराकर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

2. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – उत्खनन एवं क्रशर के संबंध में ग्राम पंचायत पतेरापाली का दिनांक 22/03/2017 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

3. **उत्खनन योजना** – क्वारी प्लान एलॉग विथ क्वारी क्लोजर प्लान एण्ड इन्व्हायरोमेंट मेनेजमेंट प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो प्रभारी खनि अधिकारी, जिला–महासमुंद के ज्ञापन क्रमांक 1208/क/ख.लि./न.क्र./2016 महासमुंद, दिनांक 30/06/2016 द्वारा अनुमोदित है।

4. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–महासमुंद के ज्ञापन क्रमांक 282/क/खलि/न.क्रं./2022 महासमुंद, दिनांक 13/03/2023 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित खदानों की संख्या निरंक है।

5. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाए** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–महासमुंद के ज्ञापन क्रमांक 282/क/खलि/न.क्रं. /2022 महासमुंद, दिनांक 13/03/2023 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान से 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे मंदिर, मस्जिद, मरघट, अस्पताल, स्कूल, पुल, एनीकट, बांध एवं जल आपूर्ति आदि प्रतिबंधित क्षेत्र स्थित नहीं है।

6. **भूमि एवं लीज का विवरण** – यह शासकीय भूमि है। लीज श्री बलवीर सिंह बैस के नाम पर है। लीज डीड 10 वर्षों अर्थात दिनांक 19/07/2006 से 18/07/2016 तक की अवधि हेतु वैध थी। तत्पश्चात् लीज़ डीड 20 वर्षों अर्थात् दिनांक 19/07/2016 से 18/07/2036 तक की अवधि हेतु विस्तारित की जाती है।

7. **डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट** – वर्ष 2019 की डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

8. **वन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, सामान्य वनमण्डल, जिला–महासमुंद के ज्ञापन क्रमांक/मा.चि./खनिज/3066 महासमुंद, दिनांक 18/08/2005 से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र अनुसार आवेदित क्षेत्र निकटतम वन क्षेत्र की सीमा से 1.5 कि.मी. की दूरी पर है।

9. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–पतेरापाली 700 मीटर, स्कूल ग्राम–पतेरापाली 1 कि.मी. एवं अस्पताल खरियार रोड़ 8.9 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 10 कि.मी. एवं राज्यमार्ग 16.65 कि.मी. दूर है। जोंक नदी 5.6 कि.मी., मौसमी नाला 1.4 कि.मी., नहर 4 कि.मी. एवं तालाब 560 मीटर दूर है।

10. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्जीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पॉल्युटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

11. **खनन संपदा एवं खनन का विवरण** – अनुमोदित क्वारी प्लान अनुसार जियोलॉजिकल रिजर्व 3,91,232 टन (1,50,474 घनमीटर), माईनेबल रिजर्व 2,10,705 टन (81,040 घनमीटर) एवं रिकव्हरेबल रिजर्व 1,89,634 टन (72,936 घनमीटर), था। वर्तमान में जियोलॉजिकल रिजर्व 3,88,043 टन (1,49,247 घनमीटर), माईनेबल रिजर्व 2,07,515 टन (79,813 घनमीटर) एवं रिकव्हरेबल रिजर्व 1,86,764 टन (71,832 घनमीटर) है। लीज की 7.5 मीटर चौड़ी सीमा पट्टी (उत्खनन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र) का क्षेत्रफल 2,995 वर्गमीटर है। ओपन कास्ट सेमी मेकेनाईज्ड विधि से उत्खनन किया जाता है। हि–लॉक की औसत ऊचाई 9.5 मीटर एवं भू–तल से उत्खनन की प्रस्तावित अधिकतम गहराई 10 मीटर है। लीज क्षेत्र में ऊपरी मिट्टी की मोटाई 0.5 मीटर है तथा 1,595.5 वर्गमीटर है, जिसमें से 1,050.24 घनमीटर ऊपरी मिट्टी को 7.5 मीटर (माईन बाउण्ड्री) क्षेत्र में फैलाकर वृक्षारोपण के लिए उपयोग एवं शेष 545.26 घनमीटर ऊपरी मिट्टी को समीपस्थ सहमति प्राप्त भूमि (खसरा क्रमांक 71/1, 71/9 एवं 102/7, क्षेत्रफल 0.35 हेक्टेयर) में भण्डारित कर संरक्षित रखा जाएगा। बेंच की ऊंचाई 3 मीटर एवं चौड़ाई 3 मीटर है। खदान की संभावित आयु 10 वर्ष है। लीज क्षेत्र में क्रशर स्थापित नहीं है एवं इसकी स्थापना का प्रस्ताव नहीं है। जैक

हैमर से ड्रिलिंग एवं कंट्रोल ब्लास्टिंग जाता है। खदान में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जल का छिड़काव किया जाता है। वर्षवार प्रस्तावित उत्खनन का विवरण निम्नानुसार है:–

वर्ष	प्रस्तावित उत्खनन (टन)
2023–24	20,373.60
2024–25	20,373.60
2025–26	20,373.60
2026–27	20,373.60

12. **जल आपूर्ति** – परियोजना हेतु आवश्यक जल की मात्रा 6 घनमीटर प्रतिदिन होती है। जल की आपूर्ति बोरवेल से की जाती है। इस बाबत् सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर अथॉरिटी से अनुमति प्राप्त कर प्रस्तुत किया गया है।

13. **वृक्षारोपण कार्य** – लीज क्षेत्र की सीमा में चारों ओर 7.5 मीटर की पट्टी में कुल 591 नग वृक्षारोपण किया जाएगा। वर्तमान में 260 नग वृक्षारोपण किया गया है, शेष 331 नग वृक्षारोपण किया जाएगा। परियोजना प्रस्तावक द्वारा लीज क्षेत्र के भीतर पर्यावरणीय प्रबंधन योजना के तहत् निम्नानुसार कार्य प्रस्तावित है:–

विवरण		प्रथम (रूपये)	द्वितीय (रूपये)	तृतीय (रूपये)	चतुर्थ (रूपये)	पंचम (रूपये)
प्रदूषण नियंत्रण हेतु परिवहन के दौरान सड़कों/पहुंच मार्ग से उत्पन्न धूल उत्सर्जन के नियंत्रण हेतु जल छिड़काव		50,000	50,000	50,000	50,000	50,000
खदान के बाउण्ड्री में (331 नग) वृक्षारोपण हेतु	वृक्षारोपण (90 प्रतिशत जीवन दर) हेतु राशि	33,100	–	–	–	–
	फेंसिंग हेतु राशि	50,000	–	–	–	–
	खाद हेतु राशि	29,550	29,550	29,550	29,550	29,550
	सिंचाई एवं रख–रखाव हेतु राशि	1,50,000	1,50,000	1,50,000	1,50,000	1,50,000
अन्य कार्य हेतु		5,000	–	–	–	–
कुल राशि = 12,35,850		**3,17,650**	**2,29,550**	**2,29,550**	**2,29,550**	**2,29,550**

14. **खदान की 7.5 मीटर की चौड़ी सीमा पट्टी में उत्खनन** – लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर की सीमा पट्टी में उत्खनन कार्य नहीं किया गया है।

15. **गैर माईनिंग क्षेत्र** – लीज क्षेत्र के 262 वर्गमीटर क्षेत्र में चौड़ाई कम होने के कारण गैर माईनिंग क्षेत्र रखा गया है, जिसका उल्लेख अनुमोदित माईनिंग प्लाम में किया गया है।

16. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु समिति के समक्ष विस्तार से चर्चा उपरांत निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:–

Capital Investment (in Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount for CER Activities (in Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh Rupees)
10.11	2%	0.20	Following activities at Nearby Village Pond, Village- Paterapali	
			Plantation around village pond	0.50
			Total	**0.50**

17. सी.ई.आर. के अंतर्गत तालाब पर (आम की विभिन्न प्रजातियों, कटहल एवं जामुन) वृक्षारोपण हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार 25 नग पौधों के लिए राशि 2,500 रूपये, फेसिंग के लिए राशि 3,750 रूपये, खाद के लिए राशि 1,250 रूपये, सिंचाई तथा रख–रखाव आदि के लिए राशि 6,500 रूपये, अन्य कार्यों हेतु 5,000 इस प्रकार प्रथम वर्ष में कुल राशि 19,000 रूपये तथा आगामी 4 वर्ष में कुल राशि 31,000 रूपये हेतु घटकवार व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया है। परियोजना प्रस्तावक द्वारा ग्राम पंचायत पतेरापाली के सहमति उपरांत यथायोग्य स्थान (खसरा क्रमांक 681, क्षेत्रफल 0.75 हेक्टेयर) के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की गई है।

18. परियोजना प्रस्तावक द्वारा ऊपरी मिट्टी को लीज क्षेत्र के अंदर सेफ्टी जोन में 1 मीटर की ऊँचाई तक भण्डारित किये जाने, शेष ऊपरी मिट्टी को लीज क्षेत्र के बाहर में भंडारित किये जाने। इस प्रकार भण्डारित ऊपरी मिट्टी का किसी भी प्रकार का दुरूपयोग न करने, विक्रय न करने एवं अन्य कार्यों में उपयोग नहीं किये जाने, इस मिट्टी का उपयोग पुनःभराव हेतु किये जाने तथा निरीक्षणकर्ता/अधिकारी को उनके निरीक्षण/भ्रमण के दौरान निरीक्षण कराये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

19. परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस आशय का शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि खदान में पत्थर उत्खनन हेतु कम तीव्रता युक्त वैज्ञानिक विधि से नियंत्रित मापदण्डो के अनुसार डी.जी.एम.एस. अधिकृत एवं पंजीकृत ब्लास्टिंग विशेषज्ञ के द्वारा ही ब्लास्टिंग कराया जाएगा।

20. फ्यूजिटिव डस्ट उत्सर्जन के नियंत्रण हेतु नियमित जल छिड़काव किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

21. माईनिंग लीज क्षेत्र के अंदर सघन वृक्षारोपण किये जाने एवं रोपित पौधों का सरवाईवल रेट (Survival rate) 90 प्रतिशत सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

22. छत्तीसगढ़ आदर्श पुनर्वास नीति के तहत् स्थानीय लोगों को रोजगार दिये जाने हेतु शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

23. परियोजना प्रस्तावक द्वारा खनिज नियमों के तहत् बाउण्ड्री पिल्लर्स द्वारा सीमाकंन का कार्य सुनिश्चित किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

24. परियोजना प्रस्तावक द्वारा शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि खदान से किसी भी प्रकार का दूषित जल (यदि उत्पन्न होता है तो) का प्रवाह किसी भी प्राकृतिक जल स्त्रोत, तालाब, नदी, नाला में नहीं किया जाएगा। हमारे द्वारा खदान के संचालन के दौरान तालाब एवं अन्य निकटतम जल निकायों को किसी भी प्रकार की कोई क्षति नहीं पहुंचाई जायेगी, एवं प्राकृतिक जल स्रोत, नाला, नदी, तालाब के संरक्षण और संवर्धन हेतु निम्न उपाय किये जावेंगे : –

i. आवेदित खदान से किसी भी प्रकार का दूषित जल उत्पन नहीं होता है अर्थात किसी भी प्रकार के दूषित जल का प्रवाह किसी भी प्राकृतिक जल स्त्रोत में नहीं किया जावेगा।

ii. खदान कार्यालय से उत्पनन घरेलू अपशिष्टों के निपटान के लिए सेप्टिक टैंक और सोख गड्ढे प्रदान किये जाएंगे।

iii. सतही जल के संरक्षण के लिए खदान के चारों ओर गारलैंड ड्रेन एवं सेटलिंग टैंक के द्वारा उपचारित करके ही अन्य स्त्रोतो में छोड़ा जावेगा।

iv. खदान के अंदर वर्षा द्वारा संचित जल को उपचारित करके आवश्यक्तानुसार ग्रामीणों को उपलब्ध कराया जावेगा।

v. खदान की बाउंड्री के चारों ओर सघन वृक्षारोपण किया जावेगा।

vi. यथा संभव तालाब के चारो ओर भी सघन वृक्षारोपण किया जावेगा।

प्रस्तुत आवेदन में आवेदित स्थल से तालाब 560 मीटर तथा नहर 4 कि.मी. की दूरी पर है जो कि छत्तीसगढ़ गौण खनिज अधिनियम, 2015 में वर्णित मानक दूरियों से अधिक है। अतः खदान संचालन के दौरान उपरोक्त बिन्दु क्रमांक (i) से (vi) के पालन से तालाब एवं नहर पर प्रभाव को रोका जा सकेगा।

25. परियोजना प्रस्तावक द्वारा शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उनके विरूद्ध इस परियोजना/खदान से संबंधित कोई न्यायालयीन प्रकरण देश के अंतर्गत किसी भी न्यायालय में लंबित नहीं है।

26. परियोजना प्रस्तावक द्वारा शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि उसके विरूद्ध भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना का.आ. 804(अ), दिनांक 14/03/2017 के अंतर्गत कोई उल्लंघन का प्रकरण लंबित नहीं है।

27. माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिनांक 02/08/2017 को Common Cause Vs. Union Of India Writ Petition (C) 114 of 2014 में दिए गए दिशा निर्देश का पालन करने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

28. माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिनांक 08/01/2020 को Writ Petition (S) Civil No. 114 /2014 Common Cause Vs. Union Of India & Ors. में दिए गए दिशा निर्देश का पालन करने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

29. परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस आशय का शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि आवेदित स्थल से स्कूल 1 कि.मी., अस्पताल 8.9 कि.मी. एवं आबादी क्षेत्र 700 मीटर की दूरी पर है जो कि छत्तीसगढ़ गौण खनिज अधिनियम, 2015 में वर्णित मानक दूरियों से अधिक है। अतः स्कूल, अस्पताल एवं

आबादी क्षेत्र में प्रभाव नगण्य होगा। खनन कार्य से स्कूल, अस्पताल एवं आबादी क्षेत्र में होने वाली जन समस्याओं के निराकरण हेतु निम्न उपाय किये जाऐगें–

i. खदान के माईन बाउन्ड्री में चारों ओर सघन वृक्षारोपण किया जावेगा जिससे स्कूल, अस्पताल एवं आबादी क्षेत्र में प्रभाव नगण्य होगा।

ii. धूल (डस्ट) के निराकरण के लिए टैंकर के द्वारा पानी का छिड़काव किया जाएगा जिससे स्कूल, अस्पताल एवं आबादी क्षेत्र में प्रभाव नगण्य होगा।

iii. हमारे द्वारा खनिज का परिवहन तारपोलिन से ढककर किया जावेगा, जिससे रास्ते में वाहन से खनिज ना गिरे।

iv. हमारे द्वारा वाहनों का परिवहन स्कूल एवं आबादी क्षेत्र से होकर नहीं किया जावेगा जिससे स्कूल, अस्पताल एवं आबादी क्षेत्र में परिवहन का प्रभाव नगण्य होगा।

v. हमारे द्वारा स्कूल एवं आबादी क्षेत्र में कैम्प लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया जावेगा।

vi. हमारे द्वारा स्कूल में परियोजना लागत 2 प्रतिशत सी.ई.आर. के तहत खर्च किया जावेगा।

vii. सड़कों का उचित रखरखाव एवं धूल आदि से सुरक्षा हेतु नियमित जल छिड़काव किया जावेगा, जिससे स्कूल, अस्पताल एवं आबादी क्षेत्र में धूल का प्रभाव नगण्य होगा।

viii. धूल एवं ब्लास्टिंग आदि से होने वाले प्रभावों के लिए डी.जी.एम.एस. से रजिस्टर्ड ब्लास्टर द्वारा नियमानुसार कम तीव्रता वाले नियंत्रित विस्फोट की तकनीक अपना कर कम किया जाएगा, जिससे ब्लास्टिंग के कारण आबादी क्षेत्र, स्कूल एवं अस्पताल पर पड़ने वाला प्रभाव नगण्य होगा।

ix. परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस आशय का शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है कि सी.ई.आर. के तहत प्रस्तावित कार्यों के कार्य पूर्ण कर लेने के उपरांत संबंधित ग्राम पंचायत से कार्यपूर्ण प्रतिवेदन प्राप्त कर, जियोटेग फोटोग्राफ सहित जानकारी पर्यावरण स्वीकृति हेतु जमा किये जाने वाले अर्धवार्षिक रिपोर्ट में समाहित का प्रस्तुत किया जाएगा।

समिति द्वारा तत्समय सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:–

1. भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 28/04/2023 को जारी ऑफिस मेमोरेण्डम में दिये गये निर्देश का बिन्दुवार पालन किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया जाए।
2. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–महासमुंद को भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी ऑफिस मेमोरेण्डम दिनांक 28/04/2023 के तहत् परियोजना प्रस्तावक को पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के पुनः अनुशंसा (re-appraisal) हेतु संबंधित नस्ती को इस कार्यालय में अविलम्ब प्रेषित किये जाने हेतु पत्र लेख किया जाए।
3. सितम्बर 2022 के उपरांत किये गये उत्खनन की वास्तविक मात्रा की अद्यतन जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित कराकर प्रस्तुत किया जाए।

उपरोक्त वांछित जानकारी/दस्तावेज प्राप्त होने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

तदानुसार एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 28/12/2023 के परिपेक्ष्य में परियोजना प्रस्तावक द्वारा जानकारी/दस्तावेज दिनांक 05/01/2024 को प्रस्तुत किया गया है।

(ब) समिति की 510वीं बैठक दिनांक 30/01/2024:

समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:–

1. भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 28/04/2023 को जारी ऑफिस मेमोरेण्डम में दिये गये निर्देश का बिन्दुवार पालन किये जाने बाबत् शपथ पत्र (Notarized undertaking) प्रस्तुत किया गया है।

2. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–महासमुंद के ज्ञापन क्रमांक 1751/क/खलि/न.क्रं./2022 महासमुंद, दिनांक 13/12/2023 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार विगत वर्षों में किये गये उत्खनन की जानकारी निम्नानुसार है:–

वर्ष	उत्पादन (घनमीटर)
अक्टूबर, 2022	निरंक
नवम्बर, 2022	
दिसम्बर, 2022	
15 जनवरी, 2023	
नोट 15 जनवरी, 2023 को पर्यावरण सम्मति समाप्त होने उपरांत पट्टेदार द्वारा खदान से उत्पादन नहीं किया जा रहा है।	

3. समिति का मत है कि सी.ई.आर. एवं वृक्षारोपण कार्य के मॉनिटरिंग एवं पर्यवेक्षण हेतु त्रि–सदस्यीय समिति (प्रोपराईटर/प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी/प्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन या छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के पदाधिकारी/प्रतिनिधि) गठित किया जाना आवश्यक है। साथ ही सी.ई.आर. एवं वृक्षारोपण का कार्य पूर्ण किये जाने के उपरांत गठित त्रि–सदस्यीय समिति से सत्यापित कराया जाना आवश्यक है।

4. माननीय एन.जी.टी., प्रिंसिपल बेंच, नई दिल्ली द्वारा सत्येंद्र पाण्डेय विरूद्ध भारत् सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली एवं अन्य (ओरिजनल एप्लिकेशन नं. 186 ऑफ 2016 एवं अन्य) में दिनांक 13/09/2018 को पारित आदेश में मुख्य रुप से निम्नानुसार निर्देशित किया गया है:–

   a) Providing for EIA, EMP and therefore, Public consultation for all areas from 5 to 25 ha. falling under category B-2 at par with category B-1 by SEAC / SEIAA as well as for cluster situation where ever it is not provided.

   b) If a cluster or an individual lease size exceed 5 ha. EIA / EMP be made applicable in the process of grant of prior environment clearance.

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:–

1. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–कोरिया के ज्ञापन क्रमांक/1050/खनिज/उ.प./2021/कोरिया बैकुण्ठपुर, दिनांक 14/07/2021 अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित अन्य खदानो की संख्या निरंक है। आवेदित खदान (ग्राम–मुख्तियारपारा) का क्षेत्रफल 2.023 हेक्टेयर है। खदान की सीमा से 500 मीटर की परिधि में

स्वीकृत/संचालित खदानों का कुल क्षेत्रफल 5 हेक्टेयर या उससे कम होने के कारण यह खदान बी–2 श्रेणी की मानी गयी।

2. समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से आवेदक – मेसर्स पतेरापाली ऑर्डिनरी स्टोन माईन (प्रो.– श्री बलवीर सिंह बैन्स) को ग्राम–पतेरापाली, तहसील–बागबाहरा, जिला–महासंमुद के पार्ट ऑफ खसरा क्रमांक 28 में स्थित साधारण पत्थर (गौण खनिज) खदान, कुल क्षेत्रफल–1.3 हेक्टेयर, क्षमता–20,373 टन प्रतिवर्ष हेतु **परिशिष्ट–03** में वर्णित शर्तों के अधीन पर्यावरणीय स्वीकृति दिए जाने की अनुशंसा की गई।

राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ को तदानुसार सूचित किया जाए।

बैठक धन्यवाद ज्ञापन के साथ संपन्न हुई।

(कलदियुस तिर्की)
सद्रस्य सचिव
राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति
छत्तीसगढ़

(डॉ. बी.पी. नोन्हारे)
अध्यक्ष
राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति
छत्तीसगढ़

**मेसर्स जावंगा आर्डिनरी स्टोन क्वारी (प्रो.– श्री टी. रमेश)
को खसरा क्रमांक 287, कुल लीज क्षेत्र 1.4 हेक्टेयर, ग्राम–जावंगा, तहसील–गीदम, जिला–दंतेवाड़ा में साधारण पत्थर (गौण खनिज) उत्खनन – 76,751 टन प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति में दी जाने वाली शर्तें**

यह पर्यावरणीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों के अधीन दी जा रही है। अतः इन शर्तों को बहुत ध्यान से पढ़ा जावें तथा कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित किया जाए।

1. यह पर्यावरणीय स्वीकृति अधिकतम उत्खनन क्षेत्रफल (लीज क्षेत्र) 1.4 हेक्टेयर अथवा छत्तीसगढ़ शासन, खनिज शासन विभाग द्वारा स्वीकृत लीज क्षेत्र (दोनों में से जो कम हो) हेतु मान्य होगा। इसी प्रकार खदान से साधारण पत्थर का अधिकतम उत्खनन 76,751 टन प्रतिवर्ष से अधिक नहीं होगा। लीज क्षेत्र की सीमाओं का सीमांकन कराकर पक्के मुनारे लगाया जाए।
2. पर्यावरणीय स्वीकृति की वैधता भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय द्वारा जारी ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 (यथा संशोधित) के प्रावधानों के तहत् रहेगी।
3. परियोजना प्रस्तावक द्वारा लीज क्षेत्र के मुख्य प्रवेश द्वार पर सूचना पटल (लीज धारक का नाम, खदान का क्षेत्रफल आक्षंश एवं देशांतर सहित, उत्खनन की मात्रा, स्वीकृति अवधि) लगाया जाए।
4. क्लस्टर हेतु प्रस्तुत कॉमन इन्व्हायरोमेंटल मेनेजमेंट प्लान के अनुसार वृक्षारोपण एवं परिवहन सड़कों एवं खदान से परिवहन सड़क तक पहुंच मार्गों के संधारण का कार्य 6 माह में पूर्ण किया जाए।
5. माननीय एन.जी.टी. के आदेश दिनांक 26/02/2021 के अनुसार पट्टेदार द्वारा माईनिंग प्लान एवं पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों का पालन सुनिश्चित कराये जाने हेतु परियोजना प्रस्तावक को पर्यावरण विशेषज्ञ नियुक्त करना है।
6. परियोजना प्रस्तावक द्वारा खदान से उत्पन्न जल एवं घरेलू दूषित जल (यदि कोई हो), के उपचार की उचित एवं पर्याप्त व्यवस्था की जाए।
7. औद्योगिक प्रक्रिया एवं खदान से उत्पन्न किसी भी प्रकार से दूषित जल को किसी नदी अथवा सतही जल स्त्रोतों में किसी भी परिस्थिति में निस्सारित नहीं किया जाए, अपितु इसे प्रक्रिया में अथवा वृक्षारोपण हेतु पुनःउपयोग किया जाए। घरेलू दूषित जल के उपचार के लिए सेप्टिक टैंक एवं सोकपीट की व्यवस्था की जाए एवं जल को किसी नदी अथवा सतही जल स्त्रोतों में किसी भी परिस्थिति में निस्सारित नहीं किया जाए। दूषित जल एवं वर्षाऋतु का जल आपस में न मिलने देने हेतु भी व्यवस्था की जाए। उपचारित दूषित जल की गुणवत्ता भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा अधिसूचित मानक अथवा छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा अधिसूचित मानक (जो भी कठोर हो) के अनुसार सुनिश्चित किया जाए।
8. खनि पट्टा धारक खान संचालन बंद करने के उपरांत (after ceasing mining operations) खनन क्षेत्र तथा किसी भी अन्य क्षेत्र जो कि उनकी खनन गतिविधियों के कारण प्रभावित (disturbed due to their mining activities) हुए हैं, उनकी री–ग्रासिंग (re-grassing) की जाएगी एवं भूमि का पुनःस्थापना इस स्थिति तक

किया जाएगा, जिससे यह चारा, वनस्पतियों, जीवों आदि के उत्पत्ति हेतु उपयुक्त हो। परियोजना प्रस्तावक द्वारा सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदित माईन क्लोजर प्लान एक माह के भीतर प्रस्तुत किया जाए।

9. भू–जल के उपयोग हेतु केन्द्रीय भू–जल बोर्ड से उत्खनन आरंभ करने के पूर्व अनुमति प्राप्त की जाए। साथ ही अन्य स्त्रोत से जल का उपयोग किये जाने की स्थिति में संबंधित विभाग से उत्खनन आरंभ करने के पूर्व अनुमति प्राप्त की जाए।

10. किसी चिमनी / वेंट / प्वाईंट सोर्स से पार्टिकुलेट मेटर उत्सर्जन की मात्रा 50 मिलीग्राम / सामान्य घनमीटर से कम सुनिश्चित किया जाए। क्रशर, स्क्रीन, ट्रांसफर प्वांइट्स (यदि कोई हो) में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु डस्ट एक्सट्रेक्शन सिस्टम के साथ उच्च दक्षता का बेग फिल्टर स्थापित किया जाए। खनिज उत्खनन गतिविधियों के विभिन्न स्त्रोतों से उत्पन्न फ्यूजिटिव डस्ट उत्सर्जन का नियंत्रण प्रभावी एवं नियमित रूप से किया जाए। पहुँच मार्ग, रैम्प, संग्रहण क्षेत्र, भराई एवं अन्य डस्ट उत्सर्जन बिन्दुओं डस्ट कंटेन्मेन्ट कम सप्रेशन सिस्टम एवं जल छिड़काव की व्यवस्था की जाकर इसका सतत् संचालन /संधारण सुनिश्चित किया जाए। विण्ड ब्रेकिंग वॉल का निर्माण सुनिश्चित किया जाए।

11. वाहनों, खनन एवं अन्य प्रक्रिया से उत्पन्न वायु प्रदूषण को पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 एवं वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के तहत विनिर्दिष्ट मानकों के अनुरूप रखा जाएगा। उत्खनन क्षेत्र में परिवेशीय वायु की गुणवत्ता भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जल वायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा अधिसूचित मानकों से अधिक नहीं होनी चाहिए।

12. परियोजना प्रस्तावक द्वारा खदान के चारों तरफ फेंसिंग का कार्य किये जाने के उपरांत ही उत्खनन कार्य प्रारंभ किया जाए।

13. लीज क्षेत्र के चारों तरफ छोड़ी गई 7.5 मीटर की चौड़ी पट्टी में कोई वेस्ट का डंप / भण्डारण नहीं किया जाए तथा इस पट्टी में वृक्षारोपण किया जाए। ऐसा करना नहीं पाये जाने पर पर्यावरणीय स्वीकृति किसी भी समय तत्काल प्रभाव से निरस्त की जा सकेगी।

14. उत्खनन प्रक्रिया के दौरान हटाई गई ऊपरी मिट्टी (टॉप सॉईल) का उपयोग उत्खनन हेतु उपयोग में न आने वाली भूमि के पुनः उद्वार हेतु अथवा बाहरी ओवरबर्डन को स्थिर (स्टेबिलाईज) करने में किया जाए।

15. ऊपरी मिट्टी को लीज क्षेत्र के बाहर प्रस्ताव अनुसार निर्धारित स्थान पर भंडारित कर संरक्षित रखा जाए। मिट्टी का दुरूपयोग, विक्रय एवं अन्य कार्यों में उपयोग नहीं किया जाए। इस मिट्टी का उपयोग खदान के पुनःभराव के लिए किया जाए।

16. ओवरबर्डन एवं अनुपयोगी/बिक्री अयोग्य खनिज (वेस्ट रॉक) को पृथक से पूर्व से चिन्हीत स्थल पर भण्डारित किया जाएगा। इस प्रकार के भण्डारण स्थलों को उचित प्रकार से सुरक्षित रखे जावें ताकि भण्डारित पदार्थ आस–पास की भूमि पर विपरित प्रभाव न डाल सकें। डम्प की ऊँचाई 3 मीटर तथा स्लोप 28 डिग्री से अधिक न हो। ओवरबर्डन डम्प का क्षरण रोकने हेतु वैज्ञानिक तरीके से वृक्षारोपण किया जाए।

17. जहाँ तक संभव हो ओवरबर्डन एवं अन्य अनुपयोगी/बिकी अयोग्य खनिज (वेस्ट रॉक) को खनन के पश्चात बने गड्डों में पुनःभरण (बैक फिलिंग) हेतु उपयोग किया जाए, ताकि भूमि का मूल उपयोग अथवा वांछित वैकल्पिक उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

18. परियोजना प्रस्तावक द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए कि खनन प्रक्रिया से उत्पन्न सिल्ट लीज क्षेत्र के आस–पास के सतही जल स्त्रोतों में प्रवाहित न हो। इसे रोकने हेतु माईन पीट तथा डम्प क्षेत्र मे रिटेनिंग वॉल / गारलेण्ड ड्रेन की व्यवस्था की जाए।

19. खनिज का परिवहन कव्हर्ड वाहन से किया जाए, ताकि खनिज वाहन से बाहर नहीं गिरे। खनिज का परिवहन कर रहे वाहनों को क्षमता से अधिक नहीं भरा जाना सुनिश्चित किया जाए।

20. सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु निम्नानुसार प्रस्ताव पर कार्य पर्यावरण प्रबंधन योजना के अंतर्गत किया जाए:–

Capital Investment (in Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount Required for CER Activities (in Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh Rupees)
29.9	2%	0.59	Following activities at Nearby Govt middle School, **Village- Javanga**	
			Plantation	0.59
			Total	**0.59**

21. सी.ई.आर. के तहत् निर्धारित कार्यवाही 06 माह में अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। सी.ई.आर. के उपरोक्त प्रस्तावित कार्यो के कार्य पूर्ण उपरांत संबंधित ग्राम पंचायत से कार्यपूर्ण प्रतिवेदन प्राप्त कर अर्धवार्षिक रिपोर्ट में समाहित करते हुये प्रस्तुत किया जाए। सी.ई.आर. कार्य की सफलता सुनिश्चित करना आपका उत्तरदायित्व होगा। वृक्षारोपण असफल होने पर पर्यावरण स्वीकृति निरस्त की जावेगी।

22. सी.ई.आर. के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला में वृक्षारोपण (नीम, आम, जामुन, कदंब, पीपल) हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार 50 नग पौधों के लिए राशि 3,500 रूपये, फेंसिंग के लिए राशि 24,000 रूपये, खाद के लिए राशि 500 रूपये, सिंचाई एवं रख–रखाव कार्य हेतु राशि 6,000 रूपये इस प्रकार प्रथम वर्ष में कुल राशि 34,000 रूपये तथा आगामी 4 वर्ष में कुल राशि 25,600 रूपये हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार कार्य पूर्ण करें।

23. सी.ई.आर. एवं वृक्षारोपण कार्य के मॉनिटरिंग एवं पर्यवेक्षण हेतु त्रि–सदस्यीय समिति (प्रोपराईटर/प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी/प्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन या छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के पदाधिकारी/प्रतिनिधि) गठित किया जाना आवश्यक है। साथ ही सी.ई.आर. एवं वृक्षारोपण का कार्य पूर्ण किये जाने के उपरांत गठित त्रि–सदस्यीय समिति से सत्यापित कराया जाए।

24. जब भी निरीक्षण दल/अधिकारी निरीक्षण हेतु स्थल पर आये, तब उन्हें खदान/उद्योग/भट्टा के निरीक्षण के साथ–साथ सी.ई.आर. के तहत् आपके द्वारा कराये गये कार्यो का निरीक्षण भी अनिवार्य रूप से कराना आपकी जिम्मेदारी होगी।

25. उत्खनन हेतु निषिद्ध क्षेत्र (चारों तरफ 7.5 मीटर चौड़ा क्षेत्र), हॉल रोड, ओवरबर्डन डम्प आदि में स्थानीय प्रजाति के 1,000 नग वृक्षों का सघन वृक्षारोपण प्रथम वर्ष में किया जाए। हरित पट्टी का विकास केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की मार्गदर्शिका के अनुसार किया जाए।

